Project & Activities

आपकी खुशी हमारी खुशी
आपका सुख हमारा सुख

सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.)

(पंजीकृत संख्या: ई/796/छोटा उदेपुर, गुजरात)

एक अभिनव जीवदया अभियान

-: संस्थापक-प्रेरक :-

परम श्रद्धेय गणिवर्य डॉ. राजेन्द्र विजय जी महाराज साहब

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.)

बलदगाम, कवांट, छोटा उदेपुर, गुजरात

सुखी परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.) के तहत समाजोत्थान, शिक्षा, सेवा, जन-कल्याण के साथ-साथ जीवदया के अनेक सेवामूलक एवं कल्याणकारी कार्य किये जा रहे हैं। बलदगाम में सुखी परिवार गौ मंदिर एवं गौशाला की एक सेवामूलक अभिनव गतिविधि प्रारंभ की गई है जो आदिवासी अंचल बलदगाम, कवांट, बोड़ेली, नाथपुरी, नसवाड़ी, रंगपुर आदि विभिन्न गांव-दराजों में बीमार, उपेक्षित एवं अनुपयोगी पशुओं के भरण-पोषण, जीवन-निर्वाह एवं चिकित्सा का केन्द्र बना है। बलदगाम में संचालित यह गौशाला जीवदया की एक विशाल एवं उपयोगी योजना है जिसमें इन क्षेत्रों के अलावा सुदूर क्षेत्रों से भी पशुओं को लाकर उनकी देखभाल की जाती है और बीमार पशुओं का समुचित इलाज किया जाता है। इस गौशाला द्वारा विभिन्न जगहों से लाये गये बैल एवं अन्य पशु बहुत कम कीमत पर इस क्षेत्र के किसानों को वितरित किये जाते हैं। अब तक करीब 25,000 बैल एवं गाय इस क्षेत्र के किसानों को सेवा मूल्य लागत पर दिये जा चुके हैं जिससे इस क्षेत्र में पारंपरिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। बूचड़खाने में कटने के लिए जा रहे पशुओं को गौशाला के कार्यकर्ता जान जोखिम में डालकर बचाते हैं और उनकी प्राण रक्षा करके महान गौसेवा का कार्य करते हैं।

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.) का मुख्य लक्ष्य बीमार एवं उपेक्षित गोवंश को समुचित जीवन-निर्वाह की सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विशेषतः समय पर चारा-पानी, रहने के लिए शेडयुक्त स्थान, बीमार पशुओं का इलाज एवं अन्य जरूरत का खाद्य-पदार्थ आदि समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना है। इस वक्त यहां पर लगभग 300 गायें और गोवंश हैं।

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा संचालित गौशाला से प्रतिदिन जो दूध प्राप्त होता है उसे सुखी परिवार फाउंडेशन के तहत चलाये जा रहे विद्यालयों में सरस्वती उपासक विद्यार्थियों को मानसिक एवं शारीरिक पोषण के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा आदिवासी जनजाति समाज की प्रसूता महिलाओं को प्रतिदिन छह महीने तक 200 ग्राम दूध दिया जाता है ताकि महिला और बच्चे को कुपोषण से बचाया जा सके।

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा चलायी जा रही इस गौशाला में एकत्रित गोबर, गोमूत्र और गोधूलि में गूगल, औषधीय जड़ी-बूटियां और सुगंधित द्रव्य मिलाकर धूप और संभरणी कप आदि निर्मित किये जाते हैं जो गौशाला के लाभार्थी सदस्यों को वितरित किये जाते हैं। गाय के गोबर में आरा मशीन का बूरा मिलाकर ईंधन की लकड़ी और उपले तैयार किये जाते हैं जिनका उपयोग खाना बनाने और अनेक शुभाशुभ कार्यों में जलावन के रूप में किया जाता है। गौशाला की इन विभिन्न गतिविधियों में करीब 50 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला है।

ट्रस्ट के उद्देश्य एवं लक्ष्य

- बीमार, उपेक्षित एवं आवारा पशुओं को आश्रय देना।
- बीमार, उपेक्षित एवं आवारा पशुओं का भरण-पोषण करना।
- बीमार पशुओं के लिए चिकित्सा सुविधा एवं चिकित्सक उपलब्ध कराना।
- बूचड़खानों से पशुओं को मुक्त कराना।
- पुशओं एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदना एवं अहिंसा का भाव निर्मित करना।
- पशुओं एवं जीव-जंतुओं के लिए समग्र सुविधाओं का नियोजन करना।

सहयोग एवं अनुदान

1	एक बार गौ-ग्रास (रोटी) की राशि	रु. 11,00/-
2	एक बार गौ-ग्रास (गुड़) की राशि	रु. 2,000/-
3	विशिष्ट पर्वों पर गौ-ग्रास (फल) राशि	रु. 3,000/-
4	बीमार गायों के लिए औषधि एवं चिकित्सा राशि	रु. 4,000/-
5	गौशाला के एक दिन की निभाव राशि	रु. 5,100/-
6	108 गायों की एक दिन की निभाव राशि	रु. 11,000/-
7	कॉरपस फंड सहयोग राशि	रु. 11,000/-
8	गौशाला पर नाम देने की सौजन्यता राशि	रु. 5,00,000/-
9	पशु चारे के लिए वाहन (ट्रैक्टर) भेंट राशि	11,00,000/-
10	वेटनरी मोबाइल वैन की भेंट राशि	रु. 20,00,000/-
11	गौशाला में एक शेड बनाने की राशि	रु. 21,00,000/-

नोटः गौ-सेवक चरणोपासक सदस्यता (द्विवार्षिक) राशि 3,100/- है। इन सदस्यों को गौशाला में निर्मित किये जा रहे उत्पाद धूप, संभरणी कप, हवन के उपले इत्यादि नियमित तौर पर निःशुल्क भेजे जाएंगे।

सहयोग राशि का चेक/ड्राफ्ट **श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट, कवांट, गुजरात** के नाम देय होगा।
समस्त अनुदान 80जी के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगा।

ACCOUNT DETAILS

SHREE PARIVAR GOW SEVA TRUST

A/c No. 33210615933 | IFSC Code: SBIN0010985

MICR: 391002527 | Bank: State Bank of India

Branch: NR Ambica Oil Mill, Mangaldeep Society, Taluka Kawant, District Chhota Udepur, Gujarat-391170

श्री परिवार गौ सेवा ट्रस्ट (रजि.)

श्री विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर

बलदगाम, पोस्ट एवं तहसील कवांट, जिला छोटा उदेपुर, गुजरात-391170

अध्यक्ष - विक्रमभाई मगनभाई राठवा
मोबाइल: 9727851672

महामंत्री - जितेन्द्रभाई कालूभाई राठवा
मोबाइल: 9099249150

Email: spgausevatrust@gmail.com • Website: sukhiparivar.in